शासकीय अरविन्द महाविद्यालय किरन्दुल में रूसा के अन्तर्गत व्याख्यान कार्यक्रम का अयोजन।

शास. अरविन्द महाविद्यालय किरन्दुल में रूसा (राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान) के अन्तर्गत दिनाँक 04/03/2017 से 08/03/2017 तक विभिन्न विषयों पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आई.आर.सोनवानी, आमंत्रित अतिथियों एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एच.के.एस. गजेन्द्र द्वारा द्वीप प्रज्वलन करके किया गया।

04/03/2017 को श्री आर.के.जांगड़े, डी.एफ.ओ. दन्तेवाड़ा द्वारा **"वनोपज पर आधारित स्वरोजगार की संभावनाएँ"** विषय पर व्याख्यान दिया। श्री जांगड़े द्वारा विभिन्न वनोपज के महत्व को विस्तार से समझाया गया।

श्री एस.आर.बघेल शाखा प्रबंधक एवं श्री व्ही.विजय राव सहायक प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक किरन्दुल द्वारा **"बैंकिग क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएँ"** विषय पर व्याख्यान दिया गया। उनके द्वारा बैंकिग क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के लिए आवश्यक मापदंड एवं प्रवेश परीक्षा के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। साथ ही कैशलेश ट्रांजेक्शन, उच्च शिक्षा ऋण, स्वरोजगार ऋण आदि के बारे में भी जानकारियॉ प्रदान किया गया।

दिनांक 06/03/2017 को प्रो. माजिद अली, शास. महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दन्तेवाड़ा द्वारा **"विश्वविद्यालयीन एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी"** विषय पर व्याख्यान दिया गया। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान किए।

दिनांक 07/03/2017 को प्रो. तुनीर खेलकर शास. काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर द्वारा **"उच्च शिक्षा में गुणवत्ता"** विषय पर व्याख्यान दिया गया। उन्होंने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता वृद्धि के उपायों को विस्तार से समझाया।

दिनांक 08/03/2017 को डॉ. एम.एल.नायक, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं सेवानिवृत्त प्राध्यापक पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर एवं डॉ. अशोक प्रधान प्राध्यापक मानव विज्ञान पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा **"रूसा के उद्देश्य एवं घटक"** विषय पर व्याख्यान दिया गया। डॉ. एम.एल.नायक ने अपने पास उपलब्ध सीमित संसाधनों का उपयोग करते हुए अनुसंधान कार्य करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किये। डॉ. अशोक प्रधान द्वारा पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उपलब्ध कोचिंग सेन्टर में प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किये।

इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे। मंच संचालन प्रो. डी.डी.टण्डन द्वारा किया गया। प्रो. एस.के.सिन्हा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

अरविन्द महाविद्यालय में रूसा अन्तर्गत व्याख्यान का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ किरंदुल
www.cgpioneer.com 10/3/2017

शास.अरविन्द महाविद्यालय किरन्दुल में रूसा (राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान) के अन्तर्गत विभिन्न विषयों पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ.आई.आर.सोनवानी, आमंत्रित अतिथियों एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एच.के.एस. गजेन्द्र ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। आर.के.जांगड़े, डीएफओ दन्तेवाड़ा ने वनोपज पर आधारित स्वरोजगार की संभावनाएं विषय पर व्याख्यान दिया। श्री जांगड़े ने विभिन्न वनोपज के महत्व को विस्तार से समझाया। एसआर बघेल शाखा प्रबंधक एवं वी विजय राव सहायक प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक किरन्दुल ने बैंकिंग के क्षेत्र में रोज़गार की संभावनाएं विषय पर व्याख्यान दिया। बैंकिंग के क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के लिए आवश्यक मापदंड एवं प्रवेश परीक्षा के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कैशलेश ट्रांजेक्शन, उच्च शिक्षा ऋण, स्वरोजगार ऋण आदि के बारे में भी जानकारियां दी गई। प्रो. माजिद अली, शास. महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दन्तेवाड़ा ने विश्वविद्यालयीन एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी । प्रो. तुनीर खेलकर शास. काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जगदलपुर ने उच्च शिक्षा में गुणवत्ता विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता वृद्धि के उपायों को विस्तार से समझाया।

दैनिक भास्कर 10.3.17

पांच दिवसीय व्याख्यान में बताया वनोपज का महत्व

किरंदुल। राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत शासकीय अरविंद महाविद्यालय में विभिन्न विषयों पर 5 दिवसीय व्याख्यान का समापन बुधवार को हुआ।

कार्यक्रम के पहले दिन डीएफओ आरके जांगड़े ने वनोपज पर आधारित स्वरोजगार की संभावनाएं विषय पर व्याख्यान देते वनोपज के महत्व को बताया। दूसरे दिन भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक एसआर बघेल एवं वी विजय राव सहायक प्रबंधक ने बैंकिंग क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के लिए आवश्यक मापदंड एवं प्रवेश परीक्षा व कैशलेश ट्रांजेक्शन, उच्च शिक्षा ऋण, स्वरोजगार ऋण आदि के विषय में भी जानकारी दी। तीसरे दिन शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय के प्रोफेसर माजिद अली ने विश्वविद्यालयीन एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की जानकारी दी। चौथे दिन शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रोफेसर तुनीर खेलकर ने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता वृद्धि के उपायों को बताया।